राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोक सभा अध्यक्ष ने डा. बी. आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2019 : राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद; उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री एम. वेंकैया नायडु; प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन और अन्य विशिष्ट्जनो ने आज डा. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्माऔर लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की ।

समारोह में उपस्थित विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. बी. आर. अम्बेडकर के जीवनवृत्त पर एक पुस्तिका भेंट की गई ।

डा. बी. आर. अम्बेडकर के चित्र का अनावरण तत्कालीन प्रधान मंत्री, श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 12 अप्रैल, 1990 को किया था ।